दिनांक–11 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया दो हजार चौबीस सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित वन रक्षकों समेत अन्य को बांटे नियुक्ति पत्र। कहा– जलवायु परिवर्तन को रोकने में आपकी अहम भूमिका
- प्रदेश के 17 आईपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला। शलभ माथुर को पुलिस महानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक बनाया गया।
- गोंडा, औरैया और चंदौली समेत प्रदेश को पांच और मेडिकल कॉलेजों की मिली सौगात, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद ने दी मंजूरी।
- मथुरा के बरसाना में हर्षोल्लास के बीच मनाया जा रहा राधाष्टमी का पर्व। देर रात्रि से ही शुरू हुआ मंगल गायन, राधारानी के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया–2024 सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का विजन भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सेमीकॉन इंडिया का आयोजन 11 सितंबर से 13 सितंबर तक किया जा रहा है। इसका विषय शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर निर्धारित किया गया है। तीन दिन के सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर नीति पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के दिग्गजों के शीर्ष नेतृत्व शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए कल नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। वो स्वयं तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 647 वन रक्षकों, वन्यजीव रक्षकों और 41 जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि आज हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भुक्तभोगी हैं। अगर वन्य जीव रक्षक ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीव और मानव में संघर्ष के कारण जनहानि हो रही है। इसको रोकने के लिए इलेक्ट्रिक और सोलर फेंसिंग की जा सकती है। इसमें वन्य जीव संरक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती पर लखनऊ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो काम किए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

**********

बहराइच की महसी तहसील क्षेत्र के गांवों में चल रहे ऑपरेशन भेड़िया के तहत कल पांचवें भेड़िया को पकड़ने में वन विभाग को सफलता मिल गई है। वन विभाग के साझा प्रयासों से क्षेत्र में हमला करने वाले 6 भेड़ियों के झुंड से पांच भेड़ियों को अब तक पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है और उन्हें गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया है। डिप्टी रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के सिसैया चूड़ामणि गांव में पकड़ा गया भेड़िया मादा है और उसकी उम्र करीब पांच वर्ष है। पिछले कुछ महीनों में बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमले में 9 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग की 20 से अधिक टीमें ड्रोन कैमरों की मदद से भेड़ियों के झुंड की तलाश कर रही हैं। सरकार ने इलाके में भारी पुलिस बल के साथ–साथ पीएसी और वन टीमें तैनात कर दी हैं।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आगरा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन शिविर का कल समापन हुआ। चिंतन शिविर के अंतिम दिन भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के पुनर्वास, विमुक्त, घुमंतू और अर्ध–घुमंतू समुदायों के कल्याण और ट्रांसजेंडर के पुनर्वास पर विभिन्न सत्रों में मंथन हुआ। शिविर के समापन सत्र में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं का लाभ देश के सभी राज्यों तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर के माध्यम से राज्यों में सामाजिक न्याय, अधिकारिता और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कामों के बारे में जानकारी मिली। श्री कुमार ने कहा कि चिंतन शिविर में अनुसूचित जाति और दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित छात्रवृति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी।

**********

राज्य सड़क परिवहन निगम की समूह ख और समूह ग के पदों पर भर्तियां अब आयोगों के माध्यम से होंगी। समूह ख के रिक्त पदों पर भर्तियां उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग और समूह ग की भर्तियां उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा। इस सम्बन्ध में कैबिनेट बाई सर्कुलर के माध्यम से परिवहन विभाग के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। परिवहन निगम में समूह ख के एक सौ सतासी और समूह ग के उन्नीस हजार एक सौ तैंतालीस पद हैं। इसके साथ ही कैबिनेट बाई सर्कुलर के जरिये नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। इस योजना के लिये ग्राम समाज की भूमि निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी।

**********

उप्र शासन ने कल शाम को एक आईजी, एक डीआईजी और आठ जिलों के पुलिस कप्तान सहित 17 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

तबादले के क्रम में शलभ माथुर को पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ से पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। प्रभाकर चौधरी को पुलिस उप महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक से पुलिस उप महानिरीक्षक अलीगढ़ भेजा गया है। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस को पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, सुधा सिंह को सेना नायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी, डॉ. यशवीर सिंह को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से पुलिस अधीक्षक रायबरेली, सिद्धार्थ शंकर मीणा को पुलिस अधीक्षक उन्नाव से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज भेजा गया है। इनके अलावा चारू निगम को सेना नायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, अपर्णा गुप्ता को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, अशोक कुमार मीणा को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, दीपक भूकर को पुलिस अधीक्षक उन्नाव, अभिषेक अग्रवाल को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा,

कृष्ण कुमार को पुलिस अधीक्षक संभल, कुलदीप सिंह गुनावत को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, अभिजीत आर शंकर को पुलिस अधीक्षक औरैया, पलाश बंसल को पुलिस अधीक्षक महोबा, अभिनव त्यागी को अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, अमृत जैन को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़ की तैनाती दी गई है।

**********

उत्तर प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज को मंजूरी मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की शीर्ष निकाय संस्था राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद में दायर अपील मंजूर होने के बाद पांच मेडिकल कॉलेजों को हरी झंडी मिल गई है। इससे गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी, लखीमपुर खीरी में 100– 100 सीट के मेडिकल कॉलेज खुलने का रास्ता साफ हो गया है।

इसके अलावा ललितपुर और कानपुर देहात को 50–50 सीटों में बढ़ोत्तरी की अनुमति मिली है। प्रदेश के 13 नए मेडिकल कॉलेजों ने मान्यता के लिए इसी साल आवेदन किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद इसको लेकर पहल की थी और केंद्र सरकार के स्तर पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी बातचीत की थी। एक साल के भीतर उत्तर प्रदेश में 1200 अतिरिक्त मेडिकल सीट जुड़ी हैं। देश में उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य बना है, जिसको एक साल के भीतर ही मेडिकल की 1200 सीटें दी गई हैं।

**********

मथुरा के बरसाना में राधारानी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। श्रीजी राधा रानी के जन्मोत्सव के लिए बरसाना में राधा रानी के महल को खास फूलों से सजाया गया है। आज देर रात्रि से ही मंदिर परिसर में मंगल गायन शुरू हो गया है। सुबह 4:30 बजे मंगला आरती, सुबह 5 बजे जन्मोत्सव दर्शन और विशेष महाभिषेक का श्रद्‌धालु लाभ उठा रहे हैं। राधा रानी, महाभिषेक के बाद शीश महल में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दें रही हैं। आज शाम राधा रानी को सोने से बनी पालकी में विराजमान कर मंदिर के पुजारी महल से नीचे बनी सफेद छतरी में लाएंगे। इस दौरान राधा रानी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। जिला प्रशासन और पुलिस ने मेला क्षेत्र में 48 पार्किंग स्थल और 86 बैरियर बनाए हैं। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए 52 सीसीटीवी लगाए गए हैं। भक्तों की सुविधा के लिए 120 बसों और 20 इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलाई जा रही हैं।

**********